फायर ब्रिगेड की बिल्ली

एस्तेर एवरिली

फायर ब्रिगेड की बिल्ली

एस्तेर एवरिली

विषयवस्तु

पिकल

एक बार की बात है, एक पीली बिल्ली थी जिसके फर पर काले धब्बे थे. उसका नाम पिकल था.

पिकल एक युवा बिल्ली थी. उसके पंजे बहुत बड़े थे. और वो उनके साथ बड़े काम करना चाहती थी.

लेकिन पिकल को कुछ बड़ा करने का मौका कहां मिल सकता था?

पिकल एक ड्रम (बैरल) में रहती थी. वो बैरल ही उसका सबकुछ था. वही उसका घर था.

पिकल का बैरल एक पुराने आँगन (यार्ड) में था, जहाँ करने को कुछ बड़ा नहीं था. तो, फिर पिकल क्या करती थी?

पिकल छोटी बिल्लियों के पीछे भागती थी. वो आँगन में आने वाली हर छोटी बिल्ली के पीछे दौड़ती थी. वो उन बिल्लियों को यार्ड से बाहर खदेड़ देती थी. वो वाकई में एक बुरी बात थी. लेकिन इसके अलावा पिकल को करने को और कोई काम ही नहीं था.

पिकल के आँगन के बगल में एक और घर था.

उस घर में कई बिल्लियाँ रहती थीं जो पिकल को अक्सर पुकारती थीं:

"तुम बहुत बुरी हो. तुम हमारी दोस्त नहीं बन सकती हो."

लेकिन उस घर में पिकल की एक भी दोस्त रहती थीं.

उसकी दोस्त का नाम मिसेज़ गुडकाइंड था.

हर दिन मिसेज गुडकाइंड आँगन में आती थीं और पिकल को कुछ खाने को देती थीं.

एक दिन मिसेज गुडकाइंड ने कहा, "पिकल, तुम बुरी बिल्ली नहीं हो. तुम अच्छी बिल्ली भी नहीं हो. तुम अच्छी और बुरी हो. तुम बुरी और अच्छी भी हो. यानि तुम एक मिलिजुली बिल्ली हो. तुम्हें एक अच्छा घर चाहिए. तब तुम अच्छे काम करोगी."

फिर मिसेज़ गुडकाइंड ने मिलिजुली बिल्ली, पिकल को उठाया. फिर वो पिकल को रहने के लिए अपने घर ले गईं.

मिसेज गुडकाइंड के घर में पिकल के बैठने के लिए एक सुंदर कुर्सी थी. उसके पास खेलने के लिए खिलौने थे.

लेकिन पिकल एक सुंदर कुर्सी पर नहीं बैठना चाहती थी. वो खिलौनों से खेलना नहीं चाहती थी. इसलिए वो वापस आँगन में अपने बैरल में भाग गई.

और वो फिर से छोटी बिल्लियों का पीछा करने लगी.

मिसेज़ गुडकाइंड ने पिकल से कहा, "चीजें इस तरह नहीं चलेंगी. कुछ न कुछ अच्छा ज़रूर होगा."

अगले दिन पिकल ने एक छोटी बिल्ली को दौड़ाया. छोटी बिल्ली एक पुराने पेड़ पर चढ़कर बैठ गई. फिर पिकल भी उसके पीछे चढ़ी.

पिकल पेड़ पर छोटी बिल्ली के पास जाकर बैठ गई.

उसने छोटी बिल्ली को पेड़ से नीचे नहीं उतरने दिया.

कुछ देर बाद हवा चलने लगी.

हवा बहुत तेज़ चली.

और उसके बाद धुआंधार बारिश आई.

बारिश तेज़ और तेज़ होती गई.

अंत में पिकल को छोटी बिल्ली को नीचे उतरने और घर जाने दिया.

पिकल भी नीचे उतरना चाहती थी.

और फिर अपने बैरल में वापस जाना चाहती थी.

लेकिन वो नीचे नहीं उतर पाई.

कभी-कभी बिल्लियों के साथ ऐसा ही होता है.

और वो पिकल के साथ भी हुआ.

मिसेज़ गुडकिंड पेड़ की ओर दौड़ी.

"पिकल!" वो चिल्लाईं.

"कृपया नीचे उतरने की कोशिश करो."

लेकिन पिकल नीचे नहीं उतर पाई.

मिसेज़ गुडकाइंड दौड़कर अपने घर गईं.

पिकल उन्हें खिड़की में से देख सकती थी.

वो किसी से फोन पर बात कर रही थीं.

फिर उन्होंने पिकल को पुकारा, "देखो, फायर ब्रिगेड के लोग आ रहे हैं!"

फिर फायर ब्रिगेड का ट्रक सड़क पर आया और पिकल के यार्ड में रुका.

तीन दमकल के लोग ट्रक से नीचे कूदे.

मिसेज़ गुडकाइंड अपने घर से निकलीं.

वो फायरमैन के पास दौड़ी, और उन्होंने पिकल की ओर इशारा किया.

फायरमैन ने पेड़ के सहारे सीढ़ी लगाई.

फिर एक फायरमैन सीढ़ी पर चढ़ा.

फायरमैन सीढ़ी के सबसे ऊपर चढ़ गया.

"आओ, बिल्ली," उसने पिकल से कहा.

"मैं तुम्हारी मदद करने आया हूँ."

फिर फायरमैन ने पिकल को उठाया और उसे अपने कोट में छिपा लिया.

फिर वो पिकल को सीढ़ी से नीचे लाया - मिसेज गुडकाइंड के पास.

"मिसेज़ गुडकाइंड," फायरमैन ने कहा, "क्या वो आपकी बिल्ली है?"

"नहीं, जो," मिसेज़ गुडकाइंड ने कहा.

"पिकल का कोई घर नहीं है और वो मेरे साथ भी नहीं रहना चाहती है."

"क्यों?" जो ने पूछा.

मिसेज़ गुडकाइंड ने उत्तर दिया, "क्योंकि मेरा घर पिकल के लिए बहुत छोटा है. पिकल एक ऐसी बिल्ली है जो बड़े काम करना चाहती है.

और किसी दिन वो बड़े काम ज़रूर करेगी. ज़रा उसके बड़े-बड़े पंजे देखो।"

पिकल ने जो को दिखाने के लिए अपना एक पंजा बाहर निकाला.

"मेरी प्यारी पिकल," जो ने कहा, "तुम्हारे पंजे कितने बड़े हैं!"

पिकल ने जो की ओर देखा और फिर उसने एक शब्द कहा जो वो कह सकती थी:

"मियांउ!"

और जो स्पष्ट देख सकता था कि पिकल बहुत कुछ बहुत चाहती थी.

फिर जो ने पिकल की पीठ को थपथपाया. "पिकल," उसने कहा.

"मैं तुम्हें अपने फायर स्टेशन में ले जाऊंगा. शायद हमारे चीफ तुम्हें वहां रहने दें."

फायर ब्रिगेड की बिल्ली

जो, पिकल बिल्ली को फायर ब्रिगेड चीफ के पास ले गया, जो अपनी मेज पर बैठे थे.

"ओह!" चीफ ने कहा.

"मैं इस युवा बिल्ली को जानता हूं. यह वही शैतान बिल्ली है जो बाकी छोटी बिल्लियों का पीछा करती है."

"आपको कैसे पता?" जो ने चीफ से पूछा.

चीफ ने उत्तर दिया, "फायर ब्रिगेड का चीफ बहुत कुछ जानता है."

तभी टेलीफोन की घंटी बजी.

"हेलो," चीफ ने कहा.

"ओह हैलो, मिसेज़ गुडकाइंड. हाँ, पिकल यहाँ है. वह जो के साथ आई थी.

आपने क्या कहा? क्या आपको लगता है कि पिकल हमारे फायर स्टेशन में रहना चाहेगी? खैर, हम देखेंगे.

धन्यवाद. मिसेज़ गुडकाइंड.

अलविदा"

चीफ ने पिकल की ओर देखा
और कहा, "मिसेज़ गुडकाइंड
कहती हैं कि तुम एक बुरी बिल्ली
नहीं हो. और जो तुम्हें पसंद
करता है. अगर तुम एक अच्छी
फायर स्टेशन की बिल्ली बनना
सीखोगे तो मैं तुम्हें यहाँ पर रहने
दूँगा."

फिर पिकल चुपचाप जो के पीछे-
पीछे सीढ़ियों से ऊपर चढ़ गई.

जो और पिकल उस कमरे में गए जहां फायर ब्रिगेड के आदमी रहते थे.

फायर ब्रिगेड के लोग बिल्ली पाकर प्रसन्न हुए.

वे पिकल के साथ खेलना चाहते थे.

लेकिन अचानक आग की घंटी बजने लगी.

सभी दमकलकर्मी एक बड़े खम्भे की तरफ दौड़े और उससे फिसलकर नीचे उतरे.

वो खम्बा, फायर ट्रक तक पहुँचने के लिए उनका सबसे तेज़ रास्ता था.

पिकल ने ट्रकों के स्टार्ट होते और उन्हें आग के स्थान तक दौड़ते हुए सुना.

पिकल ने खुद से कहा, "मुझे भी वही करना सीखना चाहिए जो फायर ब्रिगेड के लोग करते हैं. मुझे पोल को नीचे फिसलना सीखना चाहिए."

वो कूदी और उसने अपने पंजों से गोल खम्बे को पकड़ा.

फिर वो एक धम्म! के साथ, नीचे गिरी.

"गिरने से मुझे डरना नहीं चाहिए. मुझे फिर से कोशिश करनी चाहिए," पिकल ने कहा.

वो सीढ़ियों से ऊपर भागी.

वो दुबारा खम्बे से नीचे फिसली और नीचे जाकर टकराई.

उसने फिर कोशिश की - और वो फिर से टकराई.

लेकिन जब तक दमकल कर्मी आग बुझा कर वापस नहीं लौटे तब तक पिकल खंबे से नीचे फिसलने का अभ्यास करती रही.

"तुम कितनी अद्भुत बिल्ली हो!" फायरमैन ने कहा.

चीफ ने कुछ नहीं कहा.

पिकल ने खुद से कहा, "मुझे वो सब कुछ सीखते रहना चाहिए जो मैं सीख सकती हूँ."

फिर उसने एक बड़े फायर ट्रक पर कूदना सीखा.

और जब ट्रक, आग लगने वाले स्थान पर तेज़ दौड़ता, तो पिकल अपनी सीट पर सीधी बैठती.

"तुम कितनी अद्भुत बिल्ली हो!" फायरमैन ने कहा.

फायर ब्रिगेड की चीफ ने कुछ नहीं कहा.

पिकल ने खुद से कहा, "अब मुझे फायर ब्रिगेड कर्मियों के काम में मदद करना सीखना चाहिए."

अगले आग बुझाने के मुहिम में पिकल ट्रक से नीचे कूद गई.

वो पानी के मोटे पाइप के पास गई, और उसने उसे अपने दोनों पंजों से पकड़ा.

उसने आग की लपटों पर पानी की धार फेंकने में फायरमैन की मदद की.

"तुम कितनी अद्भुत बिल्ली हो!" फायरमैन ने कहा.

फायर ब्रिगेड की चीफ ने कुछ नहीं कहा.

अगले दिन फायर ब्रिगेड चीफ ने सभी दमकलकर्मियों को अपनी डेस्क पर बुलाया.

फिर उसने पिकल को भी बुलाया. पिकल को कुछ पता नहीं था कि क्या होने वाला था.

उसने खुद से कहा, "हो सकता है कि चीफ को मेरा काम पसंद न आया हो और वो मुझे वापस भेजना चाहता हो."

पर पिकल चीफ के पास गई.

चीफ की मेज के आसपास सभी फायरमैन खड़े थे - और साथ में मिसेज़ गुडकाइंड भी!

चीफ ने पिकल से कहा, "मैंने मिसेज़ गुडकाइंड को इसलिए बुलाया है क्योंकि वो तुम्हारी पहली दोस्त थीं. पिकल, मेरी मेज पर कूदो. मुझे तुमसे कुछ कहना है."

पिकल डेस्क पर उछली और उसने चीफ की ओर देखा.

फिर चीफ ने अपनी डेस्क से उठाई

एक छोटी सी आग की हेलमेट!

"पिकल," चीफ ने कहा,

"मैंने तुम्हें तुम्हारे काम को देखा है. तुमने बड़ी मेहनत से काम किया है. अब तुम्हें यह जानने का समय आ गया है कि तुम अब फायर ब्रिगेड की बिल्ली हो."

और इन शब्दों के साथ, चीफ ने वो छोटी हेलमेट पिकल के सिर पर रख दी.

पुराना पेड़

पिकल ने सभी फायर ब्रिगेड कर्मियों से मित्रता कर ली.

लेकिन उसने किसी बिल्ली से दोस्ती नहीं की.

जब बिल्लियां फायर ब्रिगेड के ट्रकों को देखने के लिए फायर स्टेशन में आतीं, तो पिकल ने उन्हें भगा देती थी.

चीफ ने पिकल को अपने पास बुलाया और कहा,

"फायर ब्रिगेड की बिल्ली को सभी के प्रति दयालु होना चाहिए. तुम्हें अन्य बिल्लियों के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए."

धीरे-धीरे, पिकल ने बाकी बिल्लियों के साथ अच्छा बर्ताव किया. उसने उनसे दोस्ती भी की.

उसने बाद से सभी बिल्लियाँ फायर स्टेशन में ख़ुशी-ख़ुशी आने लगीं.

बरसात के दिनों में, अधिकांश बिल्लियाँ घर पर रहती थीं. पर पिकल फायर ब्रिगेड कर्मियों के साथ फायर स्टेशन में रहती थी.

एक बरसात वाले दिन, जब पिकल बैठी थी तो, उसने मन ही मन सोचा,

"जब मैं दूसरी बिल्लियों का पीछा करती थी तो मैं कितना बुरा काम करती थी. एक बार मैंने एक पेड़ पर एक छोटी बिल्ली का पीछा किया. हे भगवान! आखिर मैंने ऐसा क्यों किया?"

अचानक पिकल ने फायर ब्रिगेड के चीफ को पुकारते हुए सुना, "पेड़ पर एक बिल्ली!"

उन्होंने चीफ को यह कहते सुना, "वो पेड़ मिसेज़ गुडकाइंड के घर के बगल में पुराने यार्ड में स्थित है."

"अरे," पिकल सोचा. "यह तो वही यार्ड है जहाँ मैं कभी रहती थी. और पेड़ भी वही है."

तीन फायर ब्रिगेड कर्मियों के साथ, पिकल भी ट्रक पर चढ़ गई.

फायरमैन जो, और दो अन्य लोग तुरंत खम्बे से नीचे फिसले.

पिकल भी उनके पीछे-पीछे फिसली.

वे ट्रक में सवार तुरंत यार्ड में पहुंचे.

और वहाँ, हवा और बारिश में, मिसेज़ गुडकाइंड खड़ी थी.

उन्होंने एक बहुत छोटी बिल्ली की ओर इशारा किया.

फायर ब्रिगेड कर्मियों ने पेड़ के सहारे सीढ़ी लगाईं.

सीढ़ी से छोटी बिल्ली और डर गई,

और वो एक और ऊँची टहनी पर चढ़ गई,

वहां पर कोई फायर ब्रिगेड कर्मी नहीं पहुँच सकता था.

फायरमैन जो ने, मिसेज गुडकाइंड से कहा,

"मुझे नहीं पता क्या करना चाहिए."

लेकिन पिकल को पता था.

वो सीढ़ी चढ़ने लगी.

पिकल ऊपर और ऊपर चढ़ी और वो काफी कठिन काम था. लेकिन अंत में, वह सीढ़ी के बिलकुल ऊपर पहुँच गई.

फिर वो पेड़ पर चढ़ गई और अंत में छोटी बिल्ली के पास पहुंची "आओ, बिल्ली," उसने उससे कहा.

"मैं तुम्हारी मदद करने आई हूँ."

पिकल ने छोटी बिल्ली को उठाया और धीरे उसे मिसेज़ गुडकाइंड के पास ले आई.

मिसेज़ गुडकाइंड ने पिकल को धन्यवाद दिया. फिर उन्होंने पिकल से कहा,

"मैं हमेशा से जानती थी कि किसी दिन तुम बड़े काम करोगी. आज तुमने एक बड़ा काम किया है."

पिकल ने उनकी ओर अपना पंजा लहराया, मानो वो कह रही हो, "मिसेज़ गुडकाइंड, यह तो बस शुरुआत है."

फिर वो फायर स्टेशन में अपने घर वापिस चली गई - एक गर्वीली और खुश बिल्ली.

अंत